# महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया




डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के महिला प्रकोष्ठ द्वारा 25 नवंबर को प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार जांबुलकर के निर्देशन एवं महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. श्रीमती आशा चौधरी के मागदर्शन में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मुलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया.

कार्यक्रम का शुभारंभ मा सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जाम्बुलकर द्वारा अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए महिलाओं की सुरक्षा के प्रति जागरूक होने पर बल दिया गया. कम्प्यूटर साइंस विभाग की अ.व्याख्यता श्रीमती तूलिका चक्रवर्ती ने कहा कि लोगो को महिलाओं के प्रति अपनी मनसिकता बदलने की आवश्यकता है. महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. आशा चौधरी ने आम्रपाली व झांसी की रानी जैसे उदाहरण देते हुए महिलाओं की स्थिति के बारें में विद्यार्थियों को अगवत कराया. कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रध्यापक श्रीमती सोनाली लोया एवं आभार प्रदर्शन अविनाश सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

आज शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ मे प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के मार्गदर्शन मे स्वीप नोडल अधिकारी एच आर पदमें ,एनसीसी अधिकारी डॉ. आर आर कोच्चे, एनएसएस महिला अधिकारी श्रीमती नीलम चतुर्वेदी के नेतृत्व में 03 दिसंबर " यातायात सड़क दुर्घटना जागरूकता "हेतु छात्र छात्राओं ने विभिन्न पोस्टर और लोगों को जागरूकता नारा द्वारा यातायात परिवहन के नियम एवं उसके बचाव बचाव के लिए वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग ना करने तथा सीट बेल्ट पहनने और ट्रैफिक नियमों हेलमेट लगाने जैसे सुरक्षा उपायों को बताया गया सभी लोग के लिए उनके पूरे जीवन भर सड़क सुरक्षा उपायों का अनुसरण करना बहुत ही आवश्यक है ,इन सभी बातों पर शपथ लिया गया महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक अतिथि व्याख्याता एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे



नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 16 Jan 2023 - 16rajn3
epaper.navabharat.news

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मनाई विवेकानंद जयंती




**डोंगरगढ़.** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार जामुलकर के निर्देशन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी हेमूराम पदमे एवं श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी के मागर्शन में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. जाम्बुलकर द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ, आर आर कोचे ,डॉ, श्रीमती आशा चौधरी, सहायक प्राध्यापक गुलशन सिन्हा, अतिथि व्याख्याता श्रीमती नीता ठाकुर, श्रीमती मेधाविनी तुरे, सुश्री नीलम सिन्हा डॉ,नौशीन अंजुम सुश्री मनीषा भेड़िया, सुश्री अनिमा मिज, सुश्री अंजलि, सुश्री मीनाक्षी साहू सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी के द्वारा किया गया.

हरिभूमि
रायपुर - संस्कारधानी भूमि
15 Jan 2023

# रासेयो ने मनाई विवेकानंद जयंती




हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ प्रदीप जामुलकर के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी हेमूराम पदमे, नीलम चतुर्वेदानी के मागर्शन में स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. जाम्बुलकर ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर श्री जामुलकर ने छात्र-छात्राओं से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में उतारने का आव्हान किया। हेमू राम पदमे ने जीवन परिचय पर प्रकाश डाला।

अतिथि व्याख्याता सुश्री पद्मा खुटे ने युवा शक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ आरआर कोचे, डॉ आशा चौधरी, गुलशन सिन्हा, नीता ठाकुर, मेधाविनी तुरे, नीलम सिन्हा डॉ नौशीन अंजुम, मनीषा भेड़या, अनिमा मिज, अंजलि, मीनाक्षी साहू सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# Independence Day



नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 30 Nov 2022 - 30rajn2

## आंबेडकर की सामाजिक राजनीतिक यात्रा पर संगोष्ठी



**डोंगरगढ़.** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. प्रदीप जम्बुलकर के निर्देशन एवं राजनीत विज्ञान विभाग की प्राध्यपिका अनिमा मिंज के मार्गदर्शन में संविधान दिवस के उप्लछ में विभागीय सेमिनार का आयोजन किया गया.जिसका विषय था"भीमराव अंबेडकर की सामाजिक राजनीतिक यात्र पर एक नजर" कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी संविधान निर्माता डॉ बी आर अंबेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जम्बुलकर द्वारा अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह भारतीय राजनीति की एक दूरी की तरह है जो आज दुनिया भर के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण मसीहा एवं संतुलित समाज संरचना के प्रेरक महामानव है. इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में में राजनीतिक विज्ञान प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने भी अपने पेपर प्रस्तुत किए कार्यक्रम का संचालन राजनीतिक विज्ञान प्रथम सेमेस्टर अमन नामदेव एवं आभार प्रदर्शन राजनीतिक विज्ञान की अतिथि व्याख्याता अनिमा मिंज के द्वारा किया गया.

# निष्पक्ष मतदान करने दिलाई शपथ

डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )। भारत सरकार निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के दिशा-निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम अधिकारी हेमूराम पदमे एवं श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी के नेतृत्व में 25 जनवरी को राष्ट्रीय



मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. जाम्बुलकर ने छात्र-छात्राओं को लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर मतदान के प्रति शपथ दिलायी एवं कहा कि वोटर लिस्ट में नाम दर्ज होने के साथ ही लोकतंत्र में उन्हें सक्रिय रूप से भाग लेने की पात्रता हो जाती है। इसे गंभीरता से लेते हुए बेहतर समाज के निर्माण के लिए मतदान प्रक्रिया का हिस्सा जरूर बनें । साथ ही धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. श्रीमती आशा चौधरी, डॉ. आर.आर.कोचे, गुलशन सिन्हा, डॉ. नीता राजपूत, डॉ.नौशीन अंजुम, डॉ. मेधाविनी तुरे, सुश्री पदमा खुटे, सुश्री अनिमा मिंज, सुश्री मनीष भेड़िया, सुश्री नीलम सिन्हा, सुश्री मीनाक्षी साहू, सुश्री अंजलि देवांगन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित हे।

हरिभूमि
रायपुर - संस्कारधानी भूमि
11 Nov 2022

# मतदान करने किया जागरूक

- शहर में निकली मतदाता जागरूक रैली



**डोंगरगढ़।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के मार्गदर्शन में स्वीप नोडल अधिकारी एचआर पदमे, एनसीसी अधिकारी डॉ. आरआर कोचे, एनएसएस महिला अधिकारी नीलम चतुर्वेदानी एवं कैम्पस एम्बेसडर विक्की रामटेके व लीना देवांगन के नेतृत्व में 9 नवंबर को मतदाता जागरूकता के लिए थीम "पैदल फार पार्टिसिपेटिव इलेक्शन" पर पैदल मार्च का आयोजन किया गया। इस दौरान डोंगरगढ़ नगर के मतदाताओं को मतदान करने जागरूक किया गया। छात्र-छात्राओं की रैली शहर भ्रमण करते थाना चौक, गोल बाजार, जयस्तंभ चौक, रेलवे चौक होते हुए पुनः महाविद्यालय पहुंची। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न पोस्टर एवं जागरूकता नारों द्वारा शहरवासियों को निर्भिक होकर मतदान करने की अपील की।

जागरूकता रैली में तहसीलदार राजू पटेल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अनिल मेश्राम, पार्षद प्रतिनिधि हरिश भंडारी एवं महाविद्यालय के एनसीसी के कैडेट्स, एनएसएस के स्वयंसवेक महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।